Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Sports Committee

Badminton Tournament under Fit India Week

13.12.2023

श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, पटना के संयुक्त तत्त्वावधान में फिट इंडिया वीक के तहत बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के 47 छात्राओं ने हिस्सा लिया. इस टूर्नामेंट में बुलबुल कुमारी, चांदनी कुमारी और ट्विंकल कुमारी को क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरुष्कार से सम्मानित किया गया. इस आयोजन के अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ललन कुमार ने कहा कि भारत सरकार के फिट इंडिया अभियान के तहत खेलों का आयोजन महाविद्यालय की ओर से हमेशा करवाने का प्रयास किया जाता रहेगा ताकि छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास में मदद मिले. इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्रो. अंजलि प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों को खेलों में और अधिक रूचि विकसित करने के लिए प्रेरित किया. वहीँ स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, पटना के प्रतिनिधि श्री सोमेश्वर राव चव्हाण और श्री मनीष जायसवाल ने छात्राओं को फिजिकल फिटनेस के लिए खेलों के महत्त्व के बारे में बताया और उनके सेंटर के तरफ से उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया. इस अवसर पर प्रतिभागियों को मैडल पहना कर सम्मानित भी किया गया. इस अवसर पर महाविद्यालय के वित्तेक्षक डॉ. आर.सी.पी. सिंह, प्रो. एम.आई.एच. खान, डॉ. सपना बरुआ, गोपाल कुमार, आदित्य भारद्वाज सहित अनेक शिक्षक तथा छात्राएं उपस्थित रहीं.

बैडमिंटन टूर्नामेंट में बुलबुल बनी विजेता

पटना. श्रीअरविंद महिला कॉलेज में फिट इंडिया वीक के तहत बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. इसमें बुलबुल कुमारी, चांदनी कुमारी और ट्विंकल कुमारी को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इस मौके पर प्राचार्य प्रो ललन कुमार ने कहा कि फिट इंडिया अभियान के तहत खेलों का आयोजन महाविद्यालय की ओर से हमेशा करवाने का प्रयास किया जाता रहेगा, ताकि छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास में मदद मिले.

प्रभात खबर
Thu, 14 December 2023
https://epaper.prabha